पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड
POWER FINANCE CORPORATION LTD.
(भारत सरकार का उपक्रम) (A Govt. of India Undertaking)
(आई.एस.ओ. 9001:2015 प्रमाणित) (ISO 9001:2015 Certified)

प्रेस विज्ञप्ति

1 जून 2022

पीएफसी के यूरो ग्रीन बॉण्ड अब लक्जमबर्ग स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध

विद्युत क्षेत्र की अग्रणी एनबीएफसी पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएफसी) ने लक्जमबर्ग स्टॉक एक्सचेंज में अपने पहले 300 मिलियन 1.841 % यूरो के ग्रीन बॉण्ड सफलतापूर्वक सूचीबद्ध किया है, यह सबसे बड़ा ग्रीन बॉण्ड लिस्टिंग प्लेटफॉर्म है। यह सूचीबद्धता इंडिया आईएनएक्स और लुक्ज़मबर्ग स्टॉक एक्सचेंज के बीच हस्ताक्षरित सहयोग करार के तहत की गई है, जिसमें ग्रीन बॉण्ड और ईएसजी स्पेस में आपसी हित के क्षेत्र शामिल हैं।

पीएफसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री आर. एस. ढिल्लों ने 01 जून 2022 को गिफ्ट आईएफएससी गुजरात में आयोजित सूचीकरण समारोह में पीएफसी के दोहरे सूचीबद्ध यूरो बॉण्ड के लिए लग्ज़मबर्ग स्टॉक एक्सचेंज में बेल बजाई। यूरो बॉण्ड को दोहरे सूचीबद्ध किया गया है। इस सूचीकरण समारोह में आईएफएससीए अध्यक्ष, श्री इंजेती श्रीनिवास, महामहिम सुश्री पेगी फ्रेंटज़न, ग्रैंड डची ऑफ लग्ज़मबर्ग की राजदूत, श्री अरनॉल्ड डेलेस्टीन, अंतरराष्ट्रीय पूंजी बाजार के निदेशक एवं लुक्ज़मबर्ग स्टॉक एक्सचेंज की कार्यपालक समिति के सदस्य, श्री वी. बालसुब्रमण्यम-प्रबंध निदेशक एवं सीईओ- इंडिया आईएनएक्स सहित आईएफएससीए, पीएफसी, इंडिया आईएनएक्स, और लुक्ज़मबर्ग स्टॉक एक्सचेंज के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे।

पीएफसी ने सितंबर 2021 में अपना पहला 300 मिलियन यूरो 1.841% यूरो ग्रीन बांड जारी किया, जिसके माध्यम से पीएफसी ने पहली बार यूरोपीय बाजारों में प्रवेश किया। प्रतिष्ठित लग्ज़मबर्ग स्टॉक एक्सचेंज पर सूचीबद्ध होने से पीएफसी को यूरोपीय निवेशकों के बीच अपनी दृश्यता बढ़ाने और भविष्य के निर्गमों के लिए यूरोपीय बाजारों तक पहुंच आसान बनाने का एक और अवसर मिलेगा।

समारोह के दौरान, पीएफसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री आर. एस. ढिल्लों ने टिप्पणी की कि "लग्ज़मबर्ग स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध होने से पीएफसी को यूरोपीय महाद्वीप में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने और भारत सरकार द्वारा निर्धारित हरित ऊर्जा लक्ष्यों को पूरा करने के लिए भविष्य में वित्तपोषण की सुविधा प्रदान करने में मदद मिलेगी"।

हस्ता/-

(एस.एस.राव)

मुख्य महाप्रबंधक (पीआर)